# 24 न्यूज अपडेट

ई-न्यूज

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 06 नवम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 192



## 121 सीटों पर वोटिंग खत्म, 5 बजे तक 60.13% मतदान : सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32%, शेखपुरा में सबसे कम 52.36% वोटिंग

24 न्यूज अपडेट




बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग खत्म हो गई है। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 60.13 फीसदी वोटिंग हुई है। बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32% और शेखपुरा में सबसे कम 52.36% वोटिंग हुई। वहीं राजधानी पटना में 55.02% मतदान हुआ।

अतिसंवेदनशील 56 बूथों पर शाम 5 बजे तक ही वोटिंग हुई। बिहार में शहरी वोटर में वैसा उत्साह नहीं दिखा। 121 सीटों में से 3 सीट पर सबसे कम वोटिंग देखी जा रहीं है। राजधानी पटना के शहरी क्षेत्र कुम्हरार में 39.52 फीसदी, दीघा में 39.10 फीसदी और बांकीपुर में 40 फीसदी मतदान हुआ।

पहले फेज की वोटिंग खत्म होने के साथ ही 18 जिलों की 121 सीटों पर आज 1314 उम्मीदवारों की किस्मत EVM में कैद हो गई। इनमें 104 सीटों पर सीधा मुकाबला है, जबकि 17 सीटों पर त्रिकोणीय लड़ाई है। बिहार की 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हो रहे हैं। 14 नंवबर को नतीजे आएंगे।

पहले फेज में 2 डिप्टी सीएम समेत 18 मंत्रियों की साख दांव पर है। 10 हॉट सीटें हैं। जिसमें तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, अनंत सिंह समेत कई बड़े चेहरे हैं।

सम्राट चौधरी ने कहा, '121 सीट में से लगभग 100 सीट के आसपास एनडीए जीत रही है। 2010 के रिजल्ट को हम ब्रेक करेंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी भी चुनाव हार रहे हैं। लालू परिवार का कोई भी व्यक्ति इस चुनाव जीत कर नहीं आएगा।'

सीवान के गरौली में वोट बहिष्कार के कारण सुबह से वोटिंग नहीं हुई। शाम साढ़े 5 बजे मतदाता पहुंचे। अब लाइन में लगे वोटर्स अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। बूथ पर रोशनी की व्यवस्था नहीं है, इसलिए टॉर्च की लाइट में वोट डाले जा रहे हैं।

नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के डीहरी पंचायत स्थित मुसहरी गांव में ग्रामीणों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान गुरुवार को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में बने बूथ संख्या 280 पर दोपहर चार बजे तक एक भी वोट नहीं डाला गया।

## रूस में मिला अलवर के MBBS छात्र अजीत चौधरी का शव, 19 दिन से लापता था छात्र, परिवार की उम्मीदें टूटीं - 3 बीघा जमीन बेचकर भेजा था पढ़ने

24 न्यूज अपडेट



अलवर/लक्ष्मणगढ़, 6 नवम्बर। रूस में 19 दिन से लापता चल रहे अलवर जिले के कफनवाड़ा गांव निवासी एमबीबीएस छात्र अजीत चौधरी (22) का शव आखिरकार ऊफा शहर की व्हाइट रिवर से लगते एक बांध में मिला है। गुरुवार को रूस स्थित यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इसकी पुष्टि की। अजीत के साथ पढ़ने वाले भारतीय विद्यार्थियों ने भी शव की पहचान कर ली है।

अजीत रूस की बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी (Bashkir State Medical University) में थर्ड ईयर का छात्र था। वह 19 अक्टूबर को अचानक लापता हो गया था। अगले दिन नदी किनारे उसके कपड़े, जैकेट और मोबाइल बरामद हुए थे। शुरुआती जांच में माना गया कि अजीत नदी में गिर गया, लेकिन लगातार तलाशी के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था।

विदेश मंत्रालय से लेकर दूतावास तक लगाई थी गुहार

परिवार ने बेटे की खोज के लिए हर दरवाजा खटखटाया। कुछ दिन पहले ही अजीत के पिता रूप सिंह चौधरी और अन्य परिजन अलवर सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान के साथ दिल्ली पहुंचे थे, जहां उन्होंने विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से मुलाकात की थी। मंत्री ने रूस स्थित भारतीय दूतावास से बात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया था, लेकिन अब शव मिलने की खबर ने परिवार की सारी उम्मीदें तोड़ दी हैं।

### दो दिन में भारत लाया जाएगा शव

नितिन सांगवान ने बताया कि रूस दूतावास के माध्यम से सूचना दी गई है कि शव का पोस्टमॉर्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया जाएगा, उसके बाद उसे भारत भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी। संभावना है कि दो दिन में शव अलवर पहुंच जाएगा।

### 3 बीघा जमीन बेचकर भेजा था रूस

अजीत के परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी। पिता किसान हैं और परिवार के पास करीब 20 बीघा कृषि भूमि है। बेटे को डॉक्टर बनाने के सपने में उन्होंने 3 बीघा जमीन बेचकर उसे रूस पढ़ने भेजा था। परिवार का दूसरा बेटा अभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। अजीत की मां संतरा देवी ने कुछ दिन पहले मीडिया के सामने हाथ जोड़कर अपील की थी कि सरकार उनके बेटे को ढूंढने में मदद करे, लेकिन अब बेटे की मौत की खबर ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है।

### गांव में पसरा सन्नाटा

कफनवाड़ा गांव में अजीत के घर के बाहर लोगों की भीड़ जुटी है। हर कोई यही कह रहा है — "जिस बेटे को गांव ने डॉक्टर बनने भेजा, उसका शव लौटेगा — ये किसी ने सोचा नहीं था।"

## दिल्ली के ऊपर उड़ने वाले विमानों को मिले गलत सिग्नल:नेविगेशन और विमान की पोजिशन बताने में गलती; सरकार ने जांच शुरू की



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली में पिछले एक हफ्ते से विमानों के GPS सिग्नल में फेक अलर्ट आ रहे हैं। इसे GPS स्पूफिंग भी कहते हैं। इसके तहत पायलटों को गलत लोकेशन और नेविगेशन डेटा अलर्ट मिल रहे हैं।

एयर ट्रैफिक कंट्रोल के सूत्रों के अनुसार दिल्ली के करीब 100 किमी के दायरे में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। फ्लाइट रेगुलेटर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है।

स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर अटैक है जो नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने के लिए फेक GPS सिग्नल भेजता है। ज्यादातर इसका इस्तेमाल वॉर जोन में किया जाता है, ताकि दुश्मनों के ड्रोन और विमानों को नष्ट किया जा सके।

### पायलट ने बताया- लैंडिंग के वक्त आया फेक अलर्ट

एक एयरलाइंस के पायलट ने बताया कि पिछले हफ्ते उन्होंने 6 दिन फ्लाइट उड़ाई और हर बार GPS स्पूफिंग का सामना करना पड़ा। पायलट के मुताबिक, दिल्ली एयरपोर्ट पर एक बार फ्लाइट लैंड करने के दौरान, उसके कॉकपिट सिस्टम में अलर्ट आया कि आगे रूट पर कोई खतरा है। वास्तव में वहां ऐसा कुछ नहीं था। ऐसा ही कुछ अन्य फ्लाइट्स के साथ भी हुआ। इससे कई उड़ानों में देरी भी हुई।

सूत्रों ने बताया कि भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जीपीएस स्पूफिंग होना आम बात है, लेकिन दिल्ली के ऊपर ऐसी घटनाएं असामान्य हैं। दिल्ली के आसपास आर्मी एक्सरसाइज के बारे में पायलटों और ATCO को कोई सलाह भी नहीं दी गई थी, जिससे उन्हें सावधानी बरतने की आवश्यकता हो।

## मुंबई में मोनोरेल ट्रेन डिरेल होकर हवा में लटकी:3 कर्मचारी घायल

24 न्यूज अपडेट



मुंबई के वडाला डिपो में बुधवार सुबह एक मोनोरेल ट्रेन ट्रायल के दौरान डिरेल हो गई। ट्रेन का इंजन पटरी से उतरकर हवा में लटक गया। हादसे में ट्रेन कैप्टन समेत तीन कर्मचारी घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि ट्रेन का निचला ढांचा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

मोनोरेल ऑपरेट करने वाली महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MMMOCL) ने कहा कि ट्रेन खाली थी। उसमें कोई यात्री नहीं था। सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई, जब ट्रेन को एक गाइडवे बीम से दूसरे गाइडवे बीम पर ले जाया जा रहा था।

बीम बदलने के दौरान ट्रेन फिसल गई और उनका इंजन दो बीम के बीच हवा में लटक गया। सोशल मीडिया पर हादसे की तस्वीरों और वीडियो में ट्रेन थोड़ी झुकी हुई भी दिखाई दी। शाम को एक भारी क्रेन की मदद से ट्रेन को पटरी से हटाया गया।

## जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी, तापमान माइनस में:गुलमर्ग बना व्हाइट वंडरलैंड; दिल्ली-UP समेत 7 राज्यों में ठंड बढ़ी, पारा 3C तक गिरा

24 न्यूज अपडेट



हिमालय के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड में बदल गया है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम भी बर्फ से ढंक गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल और स्पीति और किन्नौर, कुल्लू में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट हुई है। देशभर से लोग बर्फबारी का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। ताबो में पारा माइनस 2.2, कुकुमसेरी में माइनस 1.8 और केलांग में 0.4 दर्ज किया गया।

इधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में नजर आने लगा है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 3 तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 3 दिन में ठंड जोर पकड़ लेगी।

उत्तर भारत से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के साथ ही राजस्थान में मौसम साफ हो गया। बीकानेर, चूरू, गंगानगर, पिलानी समेत कुछ शहरों में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते मौसम साफ रहने और उत्तरी हवाएं चलने की संभावना जताई है। अगले 24 से 48 घंटे के दौरान तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज होने की संभावना है।

## रूस से कच्चे तेल का आयात घटाने की तैयारी:रिलायंस रूस की सरकारी कंपनी से तेल खरीदना बंद करेगी; अमेरिकी प्रतिबंधों का असर



24 न्यूज अपडेट

भारत अब रूस से कच्चे तेल के आयात में कटौती करने की तैयारी कर रहा है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक सरकार ने यह फैसला अमेरिका के रूस पर नए प्रतिबंधों के बाद लिया है।

दरअसल अमेरिका ने रूस की सरकारी तेल कंपनी रोसनेफ्ट और लुकोइल के साथ सभी तरह के लेन-देन को प्रतिबंधित कर दिया था। ये प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू हो रहे हैं।

डेटा रिसर्च फर्म केप्लर के मुताबिक भारत के प्रमुख रिफाइनर अब इन्हीं अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज रूस की सरकारी तेल कंपनी रोसनेफ्ट से तेल खरीद बंद करेगी।

वहीं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड भी रुसी तेल खरीदी को घटाएगी। इसके अलावा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कंपनी एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (HMEL) पहले ही रूसी तेल का आयात बंद कर चुकी है।

इन तीनों कंपनियों की हिस्सेदारी भारत के कुल रूसी कच्चे तेल आयात में 50% से ज्यादा ज्यादा रही है। हालांकि देश में बीते महीने अक्टूबर में रशियन क्रूड ऑयल का इंपोर्ट 2.5% बढ़ा है।

### भारत तेजी से घटाएगा रूसी तेल की खरीद

केप्लर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रतोलिया ने बताया कि ज्यादातर भारतीय रिफाइनर अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन करेंगे और रूस से सीधी खरीद घटाएंगे या बंद करेंगे। दिसंबर में आयात में तेज गिरावट होगी, जो 2026 की शुरुआत तक धीरे-धीरे सुधर सकती है।

## चांदी 2,092 बढ़कर 1.48 लाख किलो हुई:सोना 251 महंगा होकर 1.21 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, इस साल 44,508 बढ़े दाम



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 6 नवंबर को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 251 रुपए बढ़कर 1,20,670 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,20,419 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी 2,092 रुपए बढ़कर 1,48,242 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,46,150 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 148 अंक फिसलकर 83,400 पर बंद:निफ्टी भी 88 अंक गिरकर 25,509 पर पहुंचा; मेटल और मीडिया शेयर्स टूटे



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 6 नवंबर को गिरावट रही। सेंसेक्स 148 अंक गिरकर 83,311 पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी में भी 88 अंक की गिरावट रही। ये 25,509 पर बंद हुआ है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट रही। मेटल और मीडिया शेयर्स में गिरावट रही। ऑटो और IT शेयर में खरीदारी देखने को मिली। वहीं आज मेनबोर्ड सेगमेंट IPO ऑर्कला इंडिया शेयर बाजार में 2.75% प्रीमियम के साथ 750 रुपए पर लिस्ट हुआ है।

## संपादकीय : हादसों की पटरियां

देश में आम लोगों के लिए रेल सेवाएं यातायात का प्रमुख साधन हैं। रोजाना लाखों लोग रेलगाड़ियों में सफर करते हैं। सरकार यह दावा करते हुए नहीं थकती कि रेलयात्रा को सुलभ एवं सुरक्षित बनाना उसकी प्राथमिकता में है । फिर क्या वजह है कि रेल हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है? कभी दो रेलगाडियों के टकराने से दुर्घटना हो जाती है, तो कभी कोई ट्रेन पटरी से उतर जाती है। वहीं, पैदल यात्रियों का ट्रेन की चपेट में आना, तो अब रोजमर्रा की घटनाएं हो गई हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को एक यात्री ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इसके अगले दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में रेलगाड़ी से उतर कर पटरी पार कर रहीं महिलाएं दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गई। इन दोनों हादसों में कई लोगों की जान चली गई। इससे रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर अब तक हुई रेल दुर्घटनाओं से सबक लेकर व्यवस्था में व्याप्त खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती है ? गौर करने की बात है कि एक तरफ देश में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है और दूसरी तरफ रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट के मुताबिक, देश में वर्ष 2023 में रेलगाड़ियों के टकराने, पटरी से उतरने और पैदल यात्रियों के चपेट में आने से संबंधित चौबीस हजार से अधिक हादसे हुए हैं, जिनमें इक्कीस हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में रेल हादसों में 6.7 फीसद की वृद्धि हुई है। हालांकि, सरकार की ओर से रेल सेवाओं को सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल सहित कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन इन्हें व्यावहारिक रूप में ढालने और धरातल पर लागू करने में विभिन्न स्तरों पर बरती जा रही लापरवाही भी रेल हादसों का एक बड़ा कारण है। बिलासपुर में रेल हादसे की प्रारंभिक जांच रपट में यह सामने आया है कि चालक दल यात्री ट्रेन को लाल बत्ती पर नियंत्रित नहीं कर पाया, जिससे वह आगे जाकर एक मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई। यह जांच रपट पांच विशेषज्ञों ने तैयार की है, लेकिन इस पर केवल तीन नेही हस्ताक्षर किए हैं और इसको लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए हादसे को लेकर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ यात्री एक ट्रेन से पटरी वाले हिस्से की ओर उत्तर गए और वे उसी वक्त सामने से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। यह दावा भी किया जा रहा है कि वहां ऊपरिगामी मार्ग बना हुआ है, लेकिन हादसे में जान गंवाने वाली महिला यात्रियों ने उसका इस्तेमाल नहीं किया। सवाल है। कि ट्रेन से उतरने वाले यात्री इसी मार्ग का इस्तेमाल करें, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? देशभर में रेलवे फाटकों पर भी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था न होने की वजह से पटरी पार करते समय आए दिन लोगों की जान चली जाती है। सरकार और रेलवे प्रशासन को सुरक्षा से जुड़ी इन व्यवस्थाओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी होगी, तभी हादसों पर अंकुश लग पाएगा।

## समानता के बजाय

दुनिया भर में आर्थिक असमानता का लगातार बढ़ते जाना अब कई मायनों में चिंता का विषय बन गया है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ने के साथ जब किसी देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ती है, तो इस पर प्रसन्नता जाहिर करने वाले प्रायः यह भूल जाते हैं कि इसके समांतर करोड़ों लोग हाशिए पर जा चुके हैं। और भुखमरी, कुपोषण तथा बेरोजगारी उन्हें घेर रही है। स्वतंत्र विशेषज्ञों की जी-20 समिति की ताजा रपट में भी वैश्विक असमानता पर चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2020 में वैश्विक गरीबी में कमी लगभग रुक गई है, लेकिन दुनिया के कई देशों में आर्थिक असमानता बढ़ी है। भारत के संदर्भ में कहा गया है कि यहां सबसे अमीर एक फीसद लोगों की संपत्ति पिछले करीब दो दशकों में बासठ फीसद बढ़ी है । इस चमकती तस्वीर के पीछे एक सच यह भी है कि करोड़ों भारतीय नागरिक बेहद गरीबी में गुजर-बसर कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति कमोबेश ऐसी ही है । रपट में कहा गया है कि करीब सवा दो अरब लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। विश्व भर में आर्थिक असमानता के गंभीर जोखिम कई स्तरों पर दिखने लगे हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज की अगुआई में किए गए इस अध्ययन रपट में तो यहां तक चेतावनी दी गई है कि वैश्विक स्तर पर यह असमानता 'संकट' के स्तर पर जा पहुंची है। इससे न केवल लोकतंत्र, बल्कि आर्थिक स्थिरता को भी खतरा है। चीन में भी समान अवधि में शीर्ष एक फीसद लोगों की संपत्ति चौवन फीसद बढ़ी है। इससे पता चलता है कि दुनिया के एक बहुत बड़े हिस्से में आर्थिक असमानता की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि इसे भरना अब आसान नहीं है। हालांकि राजनीतिक स्तर पर इच्छाशक्ति दिखाई जाए, तो इस असमानता को बदला जा सकता है। मगर यह निराशाजनक है कि दुनिया के किसी भी देश की ओर से इस आर्थिक असमानता को पाटने की पहल होती नजर नहीं आ रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो इसके दूरगामी प्रभाव होंगे, जिनसे निपटना बेहद मुश्किल होगा।

# यूडीए अफसरों ने पहले खाई रिश्वत पक्की, फिर ली नेताओं की जादुई झप्पी, पोल खुली तो बुलडोजर से मिटा दिए अतिक्रमण के निशान!!!



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। लेकसिटी में अब सरकारी मिलीभगत और नेताओं के संरक्षण में अवैध निर्माण का खेल खुल्ला खेल फर्रूखाबादी हो चुका है। लाज, शर्म कुछ नहीं बची। पैसा दो अतिक्रमण करो, लाखों के निर्माण कर लो, यूडीए के अफसर झांक कर नहीं देखेंगे। और तो और किसी नेता की चरण वंदना करते हुए आदेश हो गए कि वहां पर चौकीदारी करनी है तो अफसर व उनके मातहतों की फौज वो भी जो हुक्म मेरे आका कहते हुए कर देगी। पूरा इको सिस्टम काम कर रहा है जिसमे नेता अवैध कामों को अफसरों के जरिये लीगल करवाता है, अफसर बदले में मनचाही जगह पर ट्रांसफर, पोस्टिंग और अपने लिए ढेर सारा अवैध माल कमाता है। जनता मूर्ख बनती है, सोचती है कि नेता कह रहा है, घर बना दो, लाखों का खर्चा करा दो, अफसर खुद कह रहा है कि बाद में सब सेट करवा देंगे। मगर जब अतिक्रमण हटते हैं तब कोई आड़े नहीं आता। यूडीए की आंखों पर तो लगता है उस पट्टी को बांध देना चाहिए जिसे हाल ही में कानून की देवी की आंखों से हटाया गया है। इतने विशाल पैमाने पर धड़ल्ले से बड़े बड़े निर्माण हो जाते हैं लेकिन इनके जिनके कंधों पर अतिक्रमण रोकने की जिम्मेदारी होती है, वे ही खुद माल वसूली करके आंख बंद कर देते हैं। कभी किसी नेता के गुलाम बनकर खुद अवैध बस्तियां बसाने के झंडाबरदार बन जाते हैं। जब पोल खुल जाती है तो यही लोग बुलडोजर लेकर बेशर्मी से तोड़ने चले जाते हैं। ऐसा ढीठ, महाभ्रष्ट सिस्टम आपको दुनिया में कहीं ढूंढे नहीं मिलेगा जहां पर सब के सब मिले हुए हैं। नेताओं से अफसर की गलबहियां और चरण वंदना, उसके बाद रिश्वत का खुला खेल। कानून का तो जैसे डर ही खत्म हो गया है। नियम कायदे तो ये धुआं में उड़ाने काखेल रोज खेलते है। विना खेड़ा में बुलडोजर चला, पर सवाल अब भी बरकरार रहा कि आखिर यूडीए के अफसर इतने दिन तक सोए क्यों रहे? क्या पगार नहीं ले रहे थे, क्या दो चार साल का मौन व्रत धारण कर रखा था, आखिर माजरा क्या था?? बाईपास किनारे करोड़ों की सरकारी जमीन पर हुए कब्जे, भाजपा के स्थानीय नेताओं के नाम आए सामने आए मगर शहर के विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले सोए रहे। अब उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) पर ही खुद सवाल खड़े हो गए हैं। गुरुवार को यूडीए की टीम ने उदयपुर-अहमदाबाद बाईपास के सविना खेड़ा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाए। लेकिन बड़ा सवाल ये जनता पूछ रही है कि यूडीए के अफसर रिश्वत खाकर आखिर किस गुफा में जा छिपे थे कि इनको ये सब दिखा ही नहीं। कोटड़ियां फला क्षेत्र में करीब 20 बीघा सरकारी भूमि पर लंबे समय से पक्के निर्माण हो रहे थे। 50 से अधिक मकान, चारदीवारियां और पक्की कोटड़ियां खड़ी कर ली गई थीं। अब यूडीए तहसीलदार रणजीत सिंह के नेतृत्व में आठ बुलडोजरों ने निर्माणों को नेस्तनाबूद किया। अवैध कब्जे में भाजपा नेताओं के नाम आने के बाद तो मामला बहुत गंभीर हो गया। कहा जा रहा है कि कुछ नेता तो बड़े नेता के संरक्षण में बरसों से इसी काम में लगे हैं। डिस्प्यूडेट, तालाब पेटे की या फिर पुरानी किसी जमीन पर इनकी निगाह रहती है, उसके बाद कब्जे व नियमन के खेल होते हैं। इस मामले में कहा जा रहा है कि एग्रीमेंट के नाम पर सरकारी जमीन को हड़पने की तैयारी थी। मगर खेल ज्यादा दिन टिक नहीं सका। आज बुलडोजर ने उन "राजनीतिक सपनों" को धूल में मिला दिया। लेकिन वे सबूत भी मिटा दिए जो अफसरों की करतूतों की गवाही दे रहे थे। क्या अफसर की तनख्वाह काटी गई, जवाब है नहीं, क्या किसी को चार्जशीट मिली, जवाब है नहीं। तो फिर नौकरी हो तो ऐसी। निर्माण हो तब पैसे खाओ, निर्माण गिराओ तब वाहवाही लूटो। कोई जिम्मेदारी तय करने वाला नहीं। इस बीच में अगर मिशन सफल रहा तो करोड़ों के खेल में खुद भागीदार बन जाओ। पूरी कार्रवाई ने यूडीए के कामकाज पर भी गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। करोड़ों की जमीन पर वर्षों से कब्जा चलता रहा, निर्माण होते रहे, और अफसरों को भनक तक नहीं लगी। क्या यह सिर्फ लापरवाही है या जानबूझकर की गई अनदेखी? क्या सत्ता और सिस्टम की साझेदारी में यह सब संभव हुआ? पैसा कहां तक गया, किस-किसने बहती गंगा में हाथ धोए, यह भी सवाल बड़ा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि "अगर यूडीए सच में जागरूक होता, तो आज यह कार्रवाई दिखावे की नहीं, रोकथाम की होती।" अब देखने वाली बात यह है कि यूडीए इस कार्रवाई के बाद केवल बुलडोजर चलाकर फाइल बंद करता है या भ्रष्ट सिस्टम की परतें भी खोलेगा।

# कचरे से गायब हो गई 'रावत और बर्ड़िया फैमिली', प्रशासनिक मिलीभगत का अंदेशा, लोगों में आक्रोश

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लेकसिटी में बाहुबली हिल के पास बड़ी तालाब क्षेत्र में बने हुए राजनीतिक पार्टनरशिप और प्रशासनिक अधिकारियों के धनबल वाले बाहुबलियों का राज चल रहा है। रिसोर्टों में रोज जंगल में मंगल के नजारे देखने को मिली रहे हैं और रिसोर्ट से फेंके गए कचरे का प्रबंधन नहीं होने से उदयपुर में बची हुई सबसे साफ जगह याने कि बड़ी के तालाब व आस पास के पहाड़ों का सत्यानाश हो रहा है। जिला प्रशासन को खबर होने के बावजूद कचरा फेंकने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होना प्रशासन की मिलीभगत और उसकी सुस्त कार्यप्रणाली साफ दर्शा रहा है। आपको बता दें कि हमने पिछले दिनों ही बड़ी मार्ग पर रिसोर्ट के किसी आयोजन का कचरा सड़क किनारे फेंकने की खबर दिखाई थी। हमने यह भी कहा था इस कचरे में एक तख्ती भी दिखाई दे रही है जिस पर रावत और बर्ड़िया फैमिली नाम लिखा हुआ है। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद ना तो स्थानीय




पंचायत और ना ही जिला प्रशासन ने कचरे की सुध ली है। बीते कई दिनों से यह कचरा वहीं का वहीं पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरे के ढेर से मिला परिवार का नाम लिखा दस्तावेज रातों रात गायब कर दिया गया है। उस तख्ती पर 'रावत' और 'बड़िया फैमिली' लिखा हुआ था। याने कुछ अफसरो की ऐसी मिलीभगत है कि वे कचरा फेंकने वालों को बचाने का मौका दे रहे हैं। उनको सुबूत मिटाने का भी मौका दे रहे हैं। ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति जबर्दस्त आक्रोश जताया है। लोगों का कहना है कि रिसोर्ट मालिक और प्रभावशाली लोगों की सांठगांठ से पूरे इलाके का पर्यावरण खतरे में है। जब जिला प्रशासन ही आंख स्मार्ट सिटी में इस तरह से कचरा प्रबंधन पर आंख मूंदकर बैठ जाएगा तो फिर हर कोई यही सोचेगा कि कचरा फेंक दो, कोई पूछने वाला नहीं है। या फिर कचरा भरकर लाओ और पहाड़ों के बीच किसी रास्ते पर फेंक कर चले जाओ। सवाल यह उठता है कि क्या जिला प्रशासन इस मामले में किसी को बचा रहा है? जब कचरा खुद नाम बोल रहा था तो समय रहते कार्रवाई क्यों नही की गई। अगर हालात ऐसे ही रहे तो बहुत जल्दी बाहुबली हिल और बड़ी तालाब उदयपुर शहर के कचरा पात्र बनकर रह जाएंगे। उदयपुर के नेताओं और जन प्रतिनिधियों से इस मामले में कार्रवाई की कोई उम्मीद नहीं है। लोगों को ही चाहिए कि खुद अपने स्तर पर पता लगाकर हमें बताएं ताकि कचरा फेंकने वालों को एक्सपोज किया जा सके।

# शीत ऋतु में पावर योगा से करें दिन की शुरुआतः योगाचार्य विनोद कुमार रेगर



24 न्यूज अपडेट

सह- योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर जगन्नाथ मंदिर परिसर में छठे दिन योगाचार्य विनोद रेगर सानिध्य में आयोजित किया गया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि शिविर में योग शिक्षक, योग गुरु,युवा,उमंग व ऊर्जा से भरपूर,कई विद्याओं में पारंगत विनोद कुमार रैगर द्वारा योगाभ्यास कराया गया। विनोद रेगर ने साधकों को कहा की दिन की शुरुआत पावर योगा से करनी चाहिए। योग का शुभारम्भ ऊर्जा व शक्तिवर्धक व्यायाम से किया गया । खड़े होकर ग्रीवा संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, नटराज आसान,उत्तानपादहस्तासन और पूरे शरीर के अन्य क्रियाओं का अभ्यास कराया। पेट व पीठ के बल के भी कई आसनों का अभ्यास कराया गया। जिनमें सर्वांगासन,साइक्लिंग,नौकासन, मरकट आसान,सेतु बंद आसान,शलभासन, पादहस्तसान, भुजंगासन, वज्रासन, वक्रासन आदि का भी अभ्यास कराया गया। मुख्य आसनों में उजाई, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीत, सिंहासन, मंडूकासन व अन्य का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का समापन तालिवादन, हास्यासन व शांति पाठ के साथ हुआ। शिविर संयोजक आचार्य अनिता पालीवाल ने बताया कि गायत्री मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ व हवन अशोक कनेरिया के नेतृत्व मे किया गया। नरेश पूर्बिया किया सम्मान- योगाचार्य अशोक कनेरिया व श्याम मठपाल के नेतृत्व में शिविर में सराहनीय सहयोग के लिए नरेश पूर्बिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र चौधरी, छाया पाल, रंजीत सिंह शक्तावत, देवराज खनगवाल, राजाराम शाह, सुशील गुप्ता व गिरिराज पालीवाल का विशेष योगदान रहा।

# शराब के नशे में 60 यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाला रोडवेज ड्राइवर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। भदेसर थाना पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ा हादसा टालते हुए शराब के नशे में बस चला रहे रोडवेज ड्राइवर को गिरफ्तार किया। यह बस कोटा से उदयपुर जा रही थी और उसमें 60 से अधिक यात्री सवार थे। यात्रियों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से सभी की जान बच गई। रास्ते में लहराते हुए चला रहा था बस सूत्रों के अनुसार, बस के रवाना होने के कुछ समय बाद ही ड्राइवर ने शराब पीना शुरू कर दिया और रास्ते में गाड़ी को तेज़ व तिरछे ढंग से चलाने लगा। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्रियों ने समझदारी दिखाते हुए भदेसर थाना पुलिस को सूचना दी।

नाकाबंदी कर बस को रोका शिकायत मिलते ही एएसआई सुनील महाजन मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और भदेसर थाना क्षेत्र में बस को रोक लिया। पुलिस ने ड्राइवर की स्थिति देखकर मेडिकल जांच कराई, जिसमें पुष्टि हुई कि वह शराब के नशे में था। पुलिस ने आरोपी दीपक शर्मा निवासी बूंदी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और बस को जब्त कर लिया।

यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने सभी सवारियों को बस से उतारा और दूसरी बस की व्यवस्था कर सुरक्षित उदयपुर के लिए रवाना किया। यात्रियों ने भदेसर पुलिस की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय पर हस्तक्षेप से बड़ा हादसा टल गया।

### सरकार के आदेशों के बाद पुलिस सख्त

जयपुर में हाल ही में हुए सड़क हादसे के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसी अभियान के तहत भदेसर थाना पुलिस की यह कार्रवाई की गई है, जिससे प्रदेश में सड़क सुरक्षा के प्रति प्रशासन की सख्ती झलकती है।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
**desk24newsupdate@gmail.com**

# पूर्णाहुति हवन के साथ सिद्ध चक्र विधान का भव्य समापन



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा,नेमीनाथ जिनालय मेंआर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी संसंघ के सानिध्य में आयोजित 9 दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान का गुरुवार को भव्य समापन हुआ।चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष नरेन्द्र पंचोली ने बताया कि प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में समाज द्वारा आर्यिका संघ को विधिवत निमंत्रण के साथ श्री जी का पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। शांतिधारा का सौभाग्य कन्हैयालाल शाह परिवार को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात श्री सिद्ध चक्र विधान की पूजा प्रारंभ हुई। आर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में नंदीश्वर द्वीप की विशाल रचना एवं उसके विस्तार,वहां विराजित 52 जिन मंदिरों में 500 धनुष ऊंची 108 जिन प्रतिमाओं के बारे में विस्तार से श्रावकों को समझाया। नेमीनाथ जिनालय में आयोजित 9 दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान के दौरान कुल 2064 अर्घ्य समर्पित किए गए। चातुर्मास कमेटी के मंत्री कुलदीप जैन ने बताया कि पंडित रमेश जैन के निर्देशन में बीजाक्षर मंत्रो के मांगलिक उच्चारणों के साथ हवन, पूर्णाहुति की क्रियाएं सम्पन्न हुई। समापन के दौरान समाज अध्यक्ष वीरेन्द्र बखारिया,उपाध्यक्ष विपिन जैन,रमण जैन, शांतिलाल पंचोली,बाबूलाल पारस,, रितेश जैन,पूनमचंद बखरिया,परेश पंचोली,कोषाध्यक्ष हेवन फड़ीया, रमेश गांधी सहित बड़ी संख्या में समाज जन सपरिवार मौजूद रहे।

# ठोकर चौराहा दुर्गानर्सरी की तर्ज पर होगा विकसित, शक्तिनगर बोटलनेक का अब नाम नहीं लेते विधायक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर विधायक ताराचंद जैन ने यूडीए के अधिकारियों को शहर में चल रहे विकास कामों को लेकर चर्चा की और जो काम शहर में चल रहे है उनको तय समय में करने के निर्देश दिए। इस दौरान विशेष रूप से शहर में सडक़ों के विस्तारीकरण के साथ-साथ नई सडक़ों और बोटलनेक भी चर्चा की। मगर शक्ति नगर बोटल नेक पर एक शब्द भी चर्चा नहीं की गई। जबकि यह रोड कभी विधायक की प्राथमिकताओं में हुआ करता था। मगर अब वे इसका नाम तक नहीं ले रहे हैं। लगता है यह उनके बूते से बाहर की बात हो गई है। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने यूडीए आयुक्त राहुल जैन औन यूडीए के अधिकारियों से शहर विधानसभा में चल रहे विकास कामों को लेकर चर्चा की। ठोकर चौराहे के विस्तारीकरण को लेकर पूर्व में किए दौरे और निर्णयों के बारे में चर्चा करने पर अधिकारियों ने बताया कि चौराहे पर विद्युत लाईनों को हटाने के लिए विद्युत विभाग से डिमांड जारी करवाने की प्रक्रिया की जा रही है, जो करीब एक सप्ताह में हो जाएगा। विधायक जैन का कहना है कि इस चौराहे को भी दुर्गानर्सरी की तरह ही विस्तारीरण किया जाएगा। इसी तरह विश्वविद्यालय मार्ग से शोभागपुरा रोड़ तक चौराहे के विस्तारीकरण के बारे में पूछने पर अधिकारियों ने बताया कि यहां पर भी विद्युत विभाग से डिमांड जारी करवाने की प्रक्रिया की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया एक सप्ताह मे हो जाएगी। विधायक जैन का कहना है कि इस मार्ग पर विद्युत खंभे और ट्रांसफार्मर को हटाने के बाद से ही सडक़ का विस्तारीकरण किया जाएगा और शोभागपुरा वाले मोड़ पर एक बड़ा चौराहा बनेगा ताकी यहां पर जाम की समस्या समाप्त हो सकें। इसी तरह शोभागपुरा रोड़ पर जूडियों के सामने बन रहे चौराहे के बारे में विधायक जैन ने पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि आगामी दो माह से पहले-पहले यहां पर चौराहे के विस्तारीकरण का काम पूरा हो जाएगा। विधायक जैन ने पुरोहितों के तालाब वाली रोड़ पर मार्किंग के बारे में पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि हाईवे से पुरोहितों के तालाब तक सडक़ को शीघ्र ही सही कर चौडी की जाएगी। कुम्हारों का भट्टा रेलवे लाईन के दोनों ओर लिंक रोड़ के बारे में विधायक ताराचंद जैन को यूडीए के अधिकारियों ने बताया कि इसमें एक तरफ तो लिंक रोड़ बनाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। दूसरी ओर कुम्हारों के भट्टे से होती हुई गुरूरामदास कॉलोनी होते हुए छोटी नोखा और बड़ी नौखा से होते हुए माली कॉलोनी 100 फीट रोड़ तक की लिंक रोड़ काम शीघ्र शुरू किया जाएगा। विधायक ताराचंद जैन ने बताया कि नेहरू हॉस्टल के बाहर लिंक रोड़ का काम नए वीसी का सहमति पत्र मिलत ही दो सप्ताह में काम शुरू किया जाएगा। सुविवि के प्रकाश द्वारा के पास न्यू आरटीओ पर आ रहे बोटलनेक को लेकर शहर विधायक ताराचंद जैन का कहना है कि नए वीसी से चर्चा के बाद इसे भी शुरू करवा दिया जाएगा। इसी तरह पुराना शोभागपुरा में जूडियों शोरूम के सामने से बेकनी पुलिया तक रोड़ बनाने पर यूडीए के अधिकारियों ने शहर विधायक ताराचंद जैन को बताया कि काम चल रहा है और कृषि विवि की जमीन को छोडक़र शेष पर सडक़ बनाने का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। माली कॉलोनी 100 फीट रोड़ पर हो रहे अतिक्रमण के बारे में चर्चा के दौरान यूडीए अधिकारियों ने शहर विधायक ताराचंद जैन को बताया कि इस रोड़ पर नाले पर किया गया अतिक्रमण 1 सप्ताह में मुक्त करवा दिया जाएगा। शहर में सीसीटीवी कैमरें लगाने के बारे में शहर विधायक ने अधिकारियों से पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि जिस कंपनी ने रेल्वे स्टेशन पर कैमरे लगाए है उससे सम्पर्क कर जल्द से जल्द यह काम भी शुरू करवाया जाएगा। इस दौरान यूडीए के अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा, वरिष्ठ अभियंता अनित माथुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।अतिक्रमण हटाने और सड़कों के विस्तार पर जोर

# जैविक कृषि से कौशल विकास पर संगोष्ठीः किसानों को मिला नवाचार का संदेश




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के संघटक राजस्थान कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग में "जैविक कृषि द्वारा कौशल विकास" विषय पर संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईपीएम थियेटर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, विद्यार्थी और प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि के सतत विकास के लिए जैविक पद्धति को अपनाना समय की आवश्यकता है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा भी होती है।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री परमानंद जी, चित्तौड़ प्रांत संगठन मंत्री, भारतीय किसान संघ ने कहा कि गौ आधारित कृषि भारत की पारंपरिक और टिकाऊ पद्धति है। भारतीय गाय के गोबर और मूत्र से बने उत्पाद मृदा की उर्वरता बढ़ाते हैं और फसल की गुणवत्ता सुधारते हैं। उन्होंने किसानों से भावी पीढ़ी के हित में जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। डॉ. जे. पी. मिश्रा, निदेशक अटारी, ने बताया कि केंद्र सरकार जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएँ चला रही है। इन योजनाओं के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्र किसानों तक आधुनिक तकनीक और जैविक विधियाँ पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम के समन्वयक एवं राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार महला ने विभिन्न फसलों में कीट नियंत्रण के जैविक उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फेरेमोन ट्रैप और वनस्पति आधारित कीटनाशक जैविक खेती का अहम हिस्सा हैं। डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. लोकेश गुप्ता ने जैविक कृषि में पशुधन के रखरखाव और जैविक आहार की महत्ता बताई। कार्यक्रम में 160 से अधिक किसानों, विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने भाग लिया। किसानों को जैविक कृषि से संबंधित कीट नियंत्रण किट भी वितरित की गई। अंत में डॉ. जगदीश चौधरी, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सस्य विज्ञान विभाग, ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को उदयपुर में

## जनजातीय गौरव वर्ष तथा भगवान बिरसा मुण्डा 150 वीं जयंती समारोह की तैयारियों की करेंगे समीक्षा, टीएडी मंत्री ने ली तैयारी बैठक, दिए निर्देश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का शुक्रवार को उदयपुर जिले में प्रवास रहेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत चल रहे आयोजनों की समीक्षा करेंगे। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर टीएडी आयुक्त कार्यालय में तैयारी बैठक ली। मुख्यमंत्री श्री शर्मा शुक्रवार सुबह 10.45 बजे राजकीय विमान द्वारा जयपुर से प्रस्थान कर 11.35 बजे डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा शोभागपुरा 100 फीट रोड़ स्थित होटल रमाड़ा एन्कोर आएंगे। यहां दोपहर 12 बजे बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती को लेकर चल रहे आयोजनों तथा डूंगरपुर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शर्मा दोपहर बाद 2.50 बजे बजे एयरपोर्ट पहुंच कर विमान द्वारा वडोदरा गुजरात के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री खराड़ी ने टीएडी आयुक्त कार्यालय में बैठक ली। इसमें संभागीय आयुक्त एवं कार्यवाहक कलक्टर सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, टीएडी आयुक्त के एल स्वामी, युडीए आयुक्त राहुल जैन, अतिरिक्त आयुक्त टीएडी केपीसिंह, टीआरआई निदेशक ओपी जैन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंत्री श्री खराड़ी ने जनजातीय गौरव वर्ष के तहत अब तक आयोजित कार्यक्रमों की प्रगति जानी। साथ ही मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए पोर्टल प्रारंभ

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ कर दिया गया है। इन योजनाओं में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु समुदाय, साथ ही मिरासी और भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाएँ, साथ ही राज्य से बाहर की राष्ट्रीय या राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाएँ, अपने पाठ्यक्रमों के पंजीयन, नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार शुल्क संरचना का अद्यतन अब ऑनलाइन पोर्टल पर कर सकेंगी। संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उदयपुर श्री गिरीश भटनागर ने बताया कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु विभागीय पोर्टल पर राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं का पंजीयन, नवीनीकरण और कोर्स संबंधी अद्यतन कार्य 10 नवंबर से प्रारंभ किया जाएगा। संस्थाएँ इस पोर्टल पर 10 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक निर्धारित जानकारी अद्यतन कर सकती हैं। संबंधित संस्थाओं को विभागीय पोर्टल पर जाकर दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# निकाय-पंचायत चुनाव में 30 साल पुराना कानून बदलने की तैयारीःदो से ज्यादा बच्चे वाले भी बन सकेंगे सरपंच-चेयरमैन, अध्यादेश लाएगी सरकार




24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों की बाध्यता हटेगी। 2 बच्चों से ज्यादा होने पर चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने के प्रावधान को बदलने के लिए सरकारी स्तर पर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

2 से ज्यादा बच्चे होने पर भी चुनाव लड़ने का प्रावधान करने के लिए विधि विभाग को अध्यादेश का ड्राफ्ट भेजा गया है। पंचायतीराज विभाग और स्वायत्त शासन विभाग ने इसके लिए विधि विभाग को अलग-अलग प्रस्ताव भेजे हैं। विधि विभाग से मंजूरी के बाद अध्यादेश को कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अध्यादेश लाया जाएगा। पंचायतीराज कानून और नगरपालिका कानून में संशोधन होने जा रहा है।

इसी महीने अध्यादेश आ सकता है। अध्यादेश को छह महीने के भीतर बिल के रूप में विधानसभा से पास करवाना होता है। सरकार बजट सत्र के दौरान इसके 2 अलग-अलग संशोधन बिल विधानसभा में रख सकती है।

### निकाय और पंचायतीराज की सियासत बदलेगी

1995 में तत्कालीन भैरों सिंह शेखावत सरकार के समय 2 से ज्यादा बच्चों पर निकाय और पंचायतीराज चुनाव नहीं लड़ सकने का प्रावधान किया था। उस वक्त पंचायतीराज कानून और राजस्थान नगरपालिका कानून में संशोधन करके ये प्रावधान जोड़े थे।

अब 30 साल पुराने इस प्रावधान को बदलने की प्रक्रिया शुरू की गई है। तीन बच्चों वालों को निकाय-पंचायतीराज चुनाव लड़ने पर पाबंदी हटाने से स्थानीय स्तर की सियासत बदलेगी। तीन बच्चों वाले कई नेता जो चुनाव नहीं लड़ पाते थे, अब उन्हें मौका मिलेगा। बीजेपी और कांग्रेस में जिलों में बड़ी संख्या में ऐसे नेता हैं।

# 13 साल में पहली बार समर्थकों से मिल सकेगा आसारामःरेप केस में राजस्थान-गुजरात हाईकोर्ट से मिली जमानत; 6 महीने जेल से बाहर रहेगा



24 न्यूज अपडेट

रेप केस में सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट के बाद गुरुवार को गुजरात हाईकोर्ट से भी जमानत मिल गई। कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर 6 महीने के लिए जमानत देते हुए सजा स्थगित कर दी है।

गुजरात हाईकोर्ट में आज सुनवाई के दौरान आसाराम उर्फ आशुमल (86) के वकील देवदत्त कामत ने कोर्ट को बताया- आसाराम 13 साल से जेल में बंद है। हिरासत प्रमाण-पत्र के अनुसार उसने छूट सहित कुल 12 साल, 11 महीने और 27 दिन की सजा काट ली है। जबकि वास्तविक हिरासत अवधि 11 साल, 6 महीने और 3 दिन की है।

राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर दी जमानत

वकीलों के पक्ष सुनने के बाद गुजरात हाईकोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर आसाराम को 6 महीने की जमानत दी है। दोनों अदालतों ने उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति और उम्र को ध्यान में रखते हुए राहत प्रदान की है।

आसाराम को पॉक्सो एक्ट के तहत विशेष न्यायालय, जोधपुर ने 25 अप्रैल 2018 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उस पर नाबालिग से रेप और अन्य संगीन आरोप थे। करीब 12 साल की कैद के बाद पहली बार 7 जनवरी 2025 को उसे मेडिकल कारणों से अंतरिम जमानत मिली थी।

राजस्थान हाईकोर्ट से आसाराम को नियमित जमानत की शर्तें

राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने आसाराम की याचिका पर सुनवाई के बाद 29 अक्टूबर को फैसला दिया था। इसमें 6 महीने की जमानत मंजूर करने के साथ ही शर्तें तय की गई थीं। इनमें–

1 लाख रुपए का व्यक्तिगत बॉन्ड और 50,000-50,000 रुपए की दो जमानतें।

बिना कोर्ट की अनुमति के देश से बाहर नहीं जा सकेगा।

6 महीने के दौरान लिए गए इलाज की मेडिकल रिपोर्ट कोर्ट में जमा करनी होगी।

6 महीने पूरे होने पर जेल में सरेंडर करना होगा।

दो बंदिशें भी हटी- अनुयायियों से न मिलने की शर्त हटा दी गई। 3 पुलिसकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था समाप्त की गई।

हालांकि, प्रवचन या धार्मिक सभा नहीं करने की शर्त पर फिलहाल आसाराम को कोई राहत नहीं दी गई है। यानी, वह अपने साधकों से मिल तो सकेगा, लेकिन समूह में मिलने की स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की शर्त का उल्लंघन माना जाएगा।

# कोटा में ऑपरेशन शिकंजाः 1-1 लाख के इनामी दो टॉप 10 मोस्ट वांटेड गिरफ्तार




24 न्यूज अपडेट

जयपुर 6 नवंबर। कोटा शहर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करते हुए शहर में एक बड़े आपराधिक योजना को विफल कर दिया है। मकबरा थाना टीम ने राजस्थान के टॉप 10 मोस्ट वांटेड अपराधियों की सूची में शामिल दो कुख्यात बदमाशों अजय सिंह हाडा उर्फ अज्जू और महेश झांझोट को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। ये दोनों अपराधी कोटा में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

कोटा एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि ये दोनों कुख्यात अपराधी थाना आरके पुरम के चर्चित रणवीर चौधरी हत्याकांड के मुख्य वांछित हैं और घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। पुलिस मुख्यालय जयपुर, महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज राजेंद्र प्रसाद गोयल और जिला पुलिस अधीक्षक कोटा तेजस्वनी गौतम द्वारा इनकी गिरफ्तारी पर अलग-अलग इनाम घोषित किए गए थे, जिनकी कुल राशि 1-1 लाख रुपये है। पकड़े गए दोनों आरोपी कुख्यात शिवराज गेंग के सक्रिय सदस्य हैं।

एसपी गौतम के मार्गदर्शन में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। सीओ वृत्त तृतीय राजेश टेलर और थानाधिकारी लईक अहमद के नेतृत्व में मकबरा थाना टीम ने 6 नवंबर को आकस्मिक चेकिंग के दौरान इन दोनों संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी में इनके पास से एक पिस्टल और 5 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए।

एसपी गौतम ने बताया कि अजय सिंह हाडा (38) निवासी गुमानपुरा और महेश झांझोट (36) निवासी नई साबरमती कॉलोनी लाडपुरा, दोनों ही संगठित अपराधों में संलिप्त रहे हैं। इन पर भीलवाड़ा के थाना बिगोद (डकैती की योजना बनाने के मामले में वांछित) सहित कोटा के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती की तैयारी और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इन अपराधियों पर संगठित अपराधों से संबंधित नए आपराधिक कानूनों की धाराओं के तहत भी शिकंजा कस रही है।

जिला पुलिस ने विगत एक माह के भीतर अवैध हथियारों के विरुद्ध यह तीसरी बड़ी कार्यवाही की है। आईजी राजेन्द्र प्रसाद गौयल ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए मकबरा थाना टीम की सराहना की है। कोटा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधों की रोकथाम के लिए जिला पुलिस सदैव तत्पर है और अपराधियों पर लगातार चौकन्ना रहकर शिकंजा कसा जा रहा है।

# हजारों श्रावक-श्राविकाओं के जयकारों के साथ मेवाड़ यात्रा को निकली आचार्य महाश्रमण की धवल वाहिनी



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 6 नवंबर। स्वामी विवेकानंद के चरेवेति चरेवेति सिद्धांत को साकार करते हुए तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य श्री ने परंपरा अनुसार मृगसर माह की एकम को प्रेक्षा विश्व भारती कोबा अहमदाबाद से हजारों श्रावकों की नम आंखों के मध्य प्रातःकालीन वेला में मंगल विहार का शुभारंभ किया। मंगल विहार में मेवाड़ कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत सबसे आगे जैन ध्वज लेकर दो दो की पंक्ति में हजारों श्रावक श्राविकाओं की शोभायात्रा निकली। लम्बे-लम्बे डग भरते हुए आचार्य महाश्रमण के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा अगले पड़ाव विश्व मैत्री धाम गांधीनगर पहुंची।

शोभायात्रा में संस्था शिरोमणि तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया, अहमदाबाद प्रवास चातुर्मास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष अरविंद संचेती, महासभा पूर्व अध्यक्ष किशनलाल डागलिया, मेवाड़ कांफ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र चोरडिया, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कच्छारा,महामंत्री बलवंत रांका, कोषाध्यक्ष कमलेश कच्छारा सहित तेरापंथ धर्मसंघ की कई विशिष्ट श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

आचार्य महाश्रमण ने उपस्थित जन समुदाय को अमृत देशना देते हुए फरमाया कि संतो का विचरण होता है उससे भी जन कल्याण का काम हो सकता है। संतो के दर्शन और सेवा से चेतना में आध्यात्म का विकास हो सकता है।जीवन में सद्गुणों का विकास कर सके उसके लिए संतो का सान्निध्य और प्रेरणा आवश्यक है। हमें बड़े ही पुण्य से मनुष्य जीवन मिला है हम इसे अध्यात्म चेतना से अलंकृत करे।

यह एक संयोग ही है कि वर्ष 2023 की अक्षय तृतीया के लिए विश्व मैत्री धाम से प्रेक्षा विश्व भारती कोबा में प्रवेश हुआ था और आज चातुर्मास सम्पन्नता से के बाद प्रेक्षा विश्व भारती कोबा से पहला विहार विश्व मैत्री धाम में हुआ है। इस पवित्र स्थान के कार्यकर्ता सरल और मधुरभाषी है। वे भी अपने जीवन में आध्यात्मिक विकास करे। अंत में उपस्थित श्रावक समाज को मंगल पाठ का श्रवण करवाया। आचार्य श्री महाश्रमण कल 7 नवम्बर को प्रातः विश्व मैत्री धाम से लगभग 13 किलोमीटर का विहार कर जैन तीर्थ स्थल लब्धि धाम पहुंचेगी।

# "ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा केसरिया जी की भव्य धार्मिक यात्रा संपन्न"



24 न्यूज़ अपडेट

ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सकल जैन समाज की केसरिया जी यात्रा अत्यंत भव्य और श्रद्धामयी वातावरण में संपन्न हुई। इस धार्मिक यात्रा में उदयपुर से 65 महिलाएं और 15 पुरुष श्रद्धापूर्वक सम्मिलित हुए। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती किरण पोखरना ने बताया कि सभा अध्यक्ष प्रकाश चंद्र कोठारी एवं तेजसिंह भंडारी ने जैन ध्वज दिखाकर यात्रियों को रवाना किया, यात्रा प्रातः 8:30 बजे केसरिया जी पहुंची, जहां सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर जी के दर्शन किए व नवकारसी के पश्चात कीकाभाई धर्मशाला से भव्य वरघोडा निकला गया जिसमें सभी महिलाएं लाल-गुलाबी साड़ी और केसरिया साफा धारण कर भजन-कीर्तन गाते हुए डांडिया करते हुए केसरिया जी मुख्य मंदिर पहुँचीं। वहाँ दर्शन,भक्ति,स्नातक पूजा व 62 किलो लड्डू की प्रसादी चढाई व सामूहिक आरती का लाभ लिया। इस यात्रा कार्यक्रम की संयोजिका पिस्ता जी हड़प्पावत रही। पूजा-पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं ने कीकाभाई धर्मशाला में स्वादिष्ट भोजन प्रसादी ग्रहण की तथा केसरिया नाथ पगलिया जी के दर्शन भी किए। वहीं पर विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सत्र में किरण जी पोखरना ने अपने विचार साझा किए । महिला प्रकोष्ठ मंत्री वंदना बाबेल ने बताया कि इस यात्रा में सहयोग देने वाले पिस्ता हड़प्पावत, हितेक्षा पितलिया, साधना मट्ठा, मोनिका कोठारी एवं उदित शाह का विशेष सम्मान किया साथ ही स्नेहलता मोगरा एवं डॉ. प्रमिला जैन के पूर्ण सहयोग की सराहना की गई। पूरी यात्रा श्रद्धा, उल्लास और भक्ति से ओतप्रोत रही। सभी यात्रियों ने भक्ति भाव से कार्यक्रम का आनंद लिया और यात्रा को सफल एवं यादगार बनाया।

# अहमदाबाद में 1008 कुण्डीय हवन के साथ सिद्धचक्र महामण्डल विधान सम्पन्न

## आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में 1008 इन्द्र-इन्द्राणियों ने दी आहूतियाँ




24 न्यूज़ अपडेट

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद स्थित यूनिवर्सिटी ग्राउण्ड में प्राकृत ज्ञान केसरी आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ससंघ के 61वें पिच्छी चातुर्मास के समापन अवसर पर आयोजित आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान गुरुवार, 6 नवम्बर को विश्व शांति महायज्ञ की पूर्णाहूति के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन सकल दिगम्बर जैन समाज, चातुर्मास समिति तथा प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद पगारिया 'विरल' सागवाड़ा के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

विधान समिति के विपिन पंचोरी (साबला) ने बताया कि गुरुवार प्रातः चारों दिशाओं में विराजमान जिनेन्द्र भगवान एवं सिद्धचक्र यंत्र का अभिषेक कर विश्व शांति हेतु शांतिधारा की गई। इसके बाद विनय पाठ, पूजा पीठिका, नवदेवता पूजा और नन्दीश्वर पूजा के पश्चात सिद्धचक्र महामण्डल विधान की बड़ी जयमाला अर्पित की गई।

मंडप की आठों दिशाओं में बीजाक्षर मंत्र से अर्घ सौधर्म इन्द्र नीलम राजेन्द्र कटारिया, महाराजा श्रीपाल–मैना सुंदरी, विमला–राजेश शाह तथा कुबेर–सुनीता ऋषभ जैन परिवार द्वारा समर्पित किए गए। आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज का पाद प्रक्षालन और गुरु पूजा डी.के. जैन, मोनिका विपिन पंचोरी (साबला) तथा जितेन्द्र वगेरिया (पारसोला) परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात प्रतिष्ठाचार्य पगारिया के मंत्रोच्चारण के साथ विश्व शांति महायज्ञ में 1008 से अधिक इन्द्र–इन्द्राणियों ने तीर्थंकर कैवली एवं गणधर हवन कुण्ड सहित 1008 कुण्डों में दशांग धूप और घी की आहूतियाँ अर्पित कर श्रीफल से पूर्णाहूति दी।

अंत में जलधारा, पुण्याहवाचन, विसर्जन विधि और आरती के साथ शोभायात्रा निकाली गई तथा मंदिर में प्रतिमा स्थापना कर विधान का समापन हुआ। विधान में वागड़ क्षेत्र से आए अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्यार्जन किया। प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया ने बताया कि आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज के अहमदाबाद वर्षायोग समापन के बाद शुक्रवार प्रातः आचार्य संघ का विहार नरोड़ा की ओर होगा।

# कला महाविद्यालय के समयश पालीवाल बने बेस्ट वेट लिफ्टर




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। सुखाड़िया विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कला महाविद्यालय के समयश पालीवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग का बेस्ट वेट लिफ्टर खिताब जीता। वहीं महिला वर्ग में अपेक्षा पंवार को यह सम्मान मिला। यह प्रतियोगिता विद्या भवन रुरल इंस्टिट्यूट की मेजबानी में लव कुश इनडोर स्टेडियम में आयोजित हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विनय क्लब की प्रवक्ता ममता राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता में कला महाविद्यालय ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में विजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि विद्या भवन रुरल इंस्टिट्यूट रनर-अप रहा। समयश पालीवाल वर्तमान में कला महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्र हैं और वेटलिफ्टिंग कोच कमलेश शर्मा के निर्देशन में लव कुश इनडोर स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हैं। समयश ने पूर्व में सॉफ्टबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान जूनियर टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार दो वर्षों तक सिल्वर मेडल भी जीते हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में सुखाड़िया विश्वविद्यालय खेल बोर्ड सचिव श्री भीमराज पटेल और श्री दीपेंद्र सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर सभी विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

# मावली में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई



24न्यूज़अपडेट

मावली। जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मावली ब्लॉक के महात्मा गांधी सनवाड़ विद्यालय में गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी, संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी गई। यह आयोजन जनजाति मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश और मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार द्वारा 30 अक्टूबर को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के अनुरूप किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने निबंध, कविता, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा बारहवीं की भूमिका यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर हिन्दी में कविता प्रस्तुत की, वहीं कक्षा दसवीं की गुंजन यादव ने अंग्रेजी में प्रेरणादायक भाषण दिया। जूनियर वर्ग में कक्षा आठवीं के हिमांशु आचार्य और शिवानी आचार्य ने पोस्टर प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य भान सिंह राव ने संबोधन में विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य पूजा वैष्णव, रमेश जीनगर, धीरज जीनगर, लोकेश प्रजापत, चंद्र विजय, दिनेश गर्ग, वर्षा रानी दाधीच, कविता मीणा और किशनलाल प्रजापत सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी चंद्र विजय ने दी।

# उदयपुर के पहलवानों ने मनाया दीपोत्सव, कुश्ती संघ ने दी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की सौगात

24 न्यूज़ अपडेट



उदयपुर। दीपावली के पर्व पर जिला कुश्ती संघ की ओर से स्थानीय माहेश्वरी सेवा सदन, तीज का चौक में गुरुवार को दीपावली स्नेह मिलन एवं स्नेह भोज समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष पारस सिंघवी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ खेल प्रशासक व जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी सुधीर बक्शी उपस्थित रहे। संघ के संयुक्त सचिव देवेन्द्र साहू ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ों के उस्तादों, वरिष्ठ पहलवानों और जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला ओलंपिक संघ के सचिव जालमचंद जैन, कोषाध्यक्ष एवं उद्योगपति धीरेंद्र सचान, पूर्व साईं कोच कैलाश पालीवाल, सचिव दीपक राजौरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा, उपाध्यक्ष प्रहलाद चौहान, राजेन्द्र भाटी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**उस्तादों ने रखे विचार, आगामी प्रतियोगिता पर चर्चा**

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद सभी अखाड़ों के उस्तादों ने कुश्ती के विकास और खिलाड़ियों की समस्याओं पर अपने विचार रखे। उस्ताद डॉ. हरीश राजौरा ने बताया कि आगामी 22 और 23 नवम्बर 2025 को सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं।

**अध्यक्ष पारस सिंघवी ने किया विकास का आश्वासन**

अपने उद्बोधन में अध्यक्ष पारस सिंघवी ने कहा कि राजस्थान कुश्ती संघ अध्यक्ष श्री राजीव दत्ता की मंशा के अनुरूप उदयपुर में जिला कुश्ती संघ के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अब जिले के सभी अखाड़ों को और सशक्त किया जाएगा, ताकि उदयपुर के पहलवान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अधिक से अधिक पदक हासिल कर सकें।

वरिष्ठ अतिथि सुधीर बक्शी ने याद किए पुराने स्वर्णिम पल मुख्य अतिथि सुधीर बक्शी ने कहा कि उदयपुर ने पहले भी कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की है। उन्होंने दिवंगत उस्तादों — करन सिंह, अर्जुन राजौरा, वेदप्रकाश यादव, गणेश राजौरा, ओमप्रकाश सेन सहित कई महान खिलाड़ियों को याद किया। अंत में विभिन्न अखाड़ों के उस्तादों और पहलवानों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष पारस सिंघवी का पगड़ी, माला और उपरना पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव देवेन्द्र साहू ने किया तथा सचिव दीपक राजौरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों पहलवानों ने सहभागिता की।

# खाटू श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन, कोलकाता से आए विशेष फूलों से बाबा श्याम का श्रृंगार, भक्तिभाव में डूबा गोकुल विलेज



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। शहर के गोकुल विलेज में बीती रात खाटू श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूरे परिसर को भक्ति और उल्लास के रंगों से सजाया गया। आयोजन में खाटू श्याम बाबा को विशेष रूप से कोलकाता से मंगवाए गए फूलों से श्रृंगारित किया गया, जिनकी मनमोहक झांकी ने सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लिया और बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच पर प्रसिद्ध भजन गायक अंजली चिराग आचार्य, सुनंदा चौबीसा, हर्षवर्धन शर्मा और संजू शिवम ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। भजनों की धुन पर भक्त झूम उठे और "जय श्री श्याम" के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। देर रात तक चली इस भक्ति संध्या में बाबा श्याम की महाआरती की गई और उनके जन्मोत्सव के उपलक्ष में मिश्री मावे का केक का भोग लगाया गया। इस अवसर पर रंग-बिरंगी आतिशबाज़ी ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। आयोजन समिति की ओर से हेमंत गोस्वामी ने सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों का स्वागत किया और बाबा श्याम के आशीर्वाद की मंगलकामनाएं दीं।

# भारत विकास परिषद पद्मिनी का दीपावली स्नेह मिलन समारोह

24 न्यूज़ अपडेट



उदयपुर, 6 नवम्बर। भारत विकास परिषद पद्मिनी दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम संयोजक प्रीति लुणदिया एवं सोनिका चोरडिया ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिल्पा पामेचा के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने मिलकर आपस में गले लगा कर एक दूसरे को बधाइयां दी एवं घर परिवार की मंगल कामना करी। सभी ने मिलकर गेम्स खेले एवं आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए रूपरेखा बनाई। नए सदस्यों का स्वागत किया । इस अवसर पर रेखा रानी जैन एवं प्रमिला पोरवाल तथा जया जैन एवं वैशाली जैन ने पुरस्कार जीतकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डॉ बलदीप कौर एवं कपिला भारद्वाज ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्या भावसार, सरोज कोठारी, अंजू चोपड़ा, डिनकल खोरपिया ज्योति कुमावत इत्यादि अनेक जन उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।